# सिहुड़ी जलाशय योजना

सिहुड़ी जलाशय योजना जिला कटनी की वैकल्पिक एलाईन्मेंट का तुलनात्मक विवरण :-

सिहुड़ी जलाशय योजना कटनी जिले की बहोरीबंद तहसील के बहोरीबंद विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम सिहुड़ी के पास स्थानीय नाला पर प्रस्तावित है, योजना की प्रशासकीय स्वीकृति म.प्र.शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्र. एफ-22/1/2012-13/ल.सि./31/803 दिनांक 24.04.2012 रू. 696.74 लाख की 360 हेक्ट. रूपांकित सिंचाई हेतु प्रदाय की गई है। योजना के प्रस्तावित स्थल पर 8.75 वर्ग कि.मी. जलग्रहण क्षेत्र है एवं 75 प्रतिशत विश्वसनीयता पर अधिकतम 2.099 मि.घ.मी. जल की आवक है। योजना में उपलब्ध पानी के अनुसार तीन वैकल्पिक स्थलों पर कुल प्रभावित वनभूमि का अध्ययन किया गया, जिनका तुलनात्मक निम्नानुसार है :-

1. **एलाईन्मेंट नं. 1 -** एलाईन्मेंट क्रमांक 1 को स्थानीय नाले पर ऊपर की ओर लगाकर सर्वेक्षण किया गया जिसमें आर.एल. 109.50 मी. के जल स्तर पर कुल 2.08 मि.घ.मी. जल भराव क्षमता एवं 77.80 हेक्ट. कुल भूमि डूब में प्रभावित हो रही है जिसमें 8.55 हेक्ट. वन भूमि एवं 60.95 हे. निजी तथा शासकीय भूमि डूब में आ रही है इससे 360 हे. क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।
2. **एलाईन्मेंट नं. 2-** एलाईन्मेंट क्रमांक 2 को स्थानीय नाले पर सिहुड़ी के पास एलाईन्मेंट नं. 1 के नीचे की ओर सर्वेक्षण करने पर आर.एल. 108.00 मी. के जल स्तर पर कुल भराव क्षमता 2.099 मि.घ.मी. प्राप्त होती है। इसमें कुल 78.62 हेक्ट. भूमि डूब में आ रही है जिसमें से 7.45 हेक्ट. वन भूमि एवं 63.18 हेक्ट. निजी एवं शासकीय भूमि डूब में प्रभावित होगी। इससे 360 हे. क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।
3. **एलाईन्मेंट नं. 3 -** एलाईन्मेंट क्रमांक 2 के नीचे की ओर ग्राम सिहुड़ी के समीप सर्वेक्षण करने पर आर.एल. 1085 मी. के जलस्तर पर कुल भराव क्षमता 2.12 मि.घ.मी. प्राप्त होती है। इसमें कुल 85.15 हेक्ट. भूमि डूब में आ रही है जिसमें 7.45 हेक्ट. वनभूमि एवं 70.00 हेक्ट. निजी एवं शासकीय भूमि डूब में प्रभावित होगी। इससे 360 हेक्ट. क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। इसमें बांध की लंबाई में वृद्वि के साथ बांध की लागत में वृद्वि हो रही है।

उपरोक्त तीनों विकल्पों पर अधीक्षण यंत्री जल संसाधन मंडल जबलपुर से विचार विमर्श किया गया एवं इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि तीनों विकल्पों में से वन एवं गैर वन भूमि के डूब एवं अन्य तुलनात्मक विश्लेषण अनुसार विकल्प में नंबर 2 ही सर्वोत्तम विकल्प है।

| क्र. | वैकल्पिक एलाईन्मेंट | कुल भराव क्षमता मि.घ.मी. | कुल डूब क्षेत्र हेक्ट. में | प्रभावित वनभूमि हेक्ट. में | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एलाईन्मेंट नं.1 | 2.08 | 77.80 | 8.55 | बांध की ऊँचाई एवं वन डूब क्षेत्र में वृद्धि हो रही है। |
| 2. | एलाईन्मेंट नं.2 | 2.099 | 78.62 | 7.45 | सर्वोत्तम विकल्प |
| 3. | एलाईन्मेंट नं.3 | 2.12 | 85.15 | 7.45 | बांध की लम्बाई एवं लागत में वृद्धि हो रही है। |

अतः योजना निर्माण का विकल्प नंबर 2 सर्वोत्तम विकल्प है अन्य विकल्प वनभूमि एवं निजी भूमि की डूबने की दृष्टि से तकनीकी, आर्थिक, सामाजिक दृष्टि से निर्माण योग्य सही प्रतीत नहीं होते हैं।

अतः विकल्प नंबर 2 जिस पर प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है, को मान्य किये जाने का अनुरोध है।

(एल.एन.तिवारी)
उपयंत्री
जल संसाधन उपसंभाग
बहोरीबंद

(आर.एस.नट)
अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन उपसंभाग
बहोरीबंद

(जे.पी.बघेल)
कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग
कटनी